तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 अगस्त 2024

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 खाद्य विभाग ने कुरूद ढाबा, रेस्टोरेंट, होटल, पान सेंटर में ...





12 सोने के दाम में आई गिरावट, चांदी की चमक भी हुई फीकी





श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग

हुडको, भिलाई (छ.ग.)

(2005 से संचालित)

नर्सिंग

B.Sc.(N)

M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)

7489713804, 9926129192

For Online Admission

Visit : www.sscnbhilai.com


# बारिश में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ी, एक माह में 48 लोग हुए शिकार, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ गई है। महीने भर में 48 लोग सर्पदंश की चपेट में आ चुके हैं। सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है। वहीं 19 लोग बिच्छू डंक से पीड़ित हुए हैं।



बारिश का मौसम लगते ही सांप व बिच्छू का खतरा बढ़ जाता है। अंचल में बारिश शुरू होते ही लोग कृषि कार्य में जुट जाते हैं। बारिश होने से बिलों में पानी भर जाने के कारण सांप व बिच्छू बाहर आ जाते हैं, जिसके कारण लोगों का सांपों से अक्सर सामना हो जाता है। लोग सर्पदंश के शिकार हो जाते हैं। जुलाई माह में जिला अस्पताल सहित शहर के अन्य अस्पतालों में लगभग 48 लोग सर्पदंश का उपचार कराने पहुंचे थे, जिसमें से एक सर्पदंश पीड़ित की मौत हुई थी। अन्य सर्पदंश पीड़ितों को समय रहते चिकित्सा सुविधा मिल जाने से उनकी जान बच गई। इसी तरह महीने भर में लगभग 19 लोगों को बिच्छू ने डंक मारा था, जो उपचार के बाद स्वस्थ हो गए। वहीं 9 लोगों को अज्ञात जीव-जंतु ने काटा था। वे भी उपचार के पश्चात स्वस्थ हो चुके हैं।




## 19 लोगों को बिच्छू ने मारा डंक

### जिला अस्पताल में पर्याप्त दवाई

बारिश के मौसम को देखते हुए जिला अस्पताल में पर्याप्त एन्टी स्नेक वैनम स्टोर किया गया है। सर्पदंश के केस आने पर मरीजों को एन्टी स्नेक वैनम लगाया जा रहा है। अस्पताल के स्टोर व वार्डों में 400 से अधिक एन्टी स्नेक वैनम उपलब्ध हैं।

## खबर संक्षेप

### गंगरेल बांध का काउन डाउन शुरू

**धमतरी।** गंगरेल बांध का काउन डाउन शुरू हो गया है। सिंचाई विभाग ने बांध का मुख्य गेट खोलने की पूरी तैयारी कर ली है। कैचमेंट एरिया में तेज बारिश हुई तो गेट कभी भी खोल दिया जाएगा। गंगरेल बांध में 84 फीसदी जलभराव हो गया है। गंगरेल कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम 7 बजे बांध में पानी की आवक 3600 क्यूसेक, जावक 1100 क्यूसेक हो रही है। बांध में 27.768 टीएमसी तथा लाइव 22.697 टीएमसी जलभराव है। बांध में क्षमता का 83.81 प्रतिशत पानी है। सहायक बांधों में 70 फीसदी पानी भर चुका है। परियोजना के माड़मसिल्ली बांध में 72.19 प्रतिशत, दुधावा में 64.18 प्रतिशत, सोंढूर में 71.87 फीसदी जलभराव है। कैचमेंट क्षेत्र में भारी बारिश होते ही सभी बांध लबालब हो जाएंगे।

### कौशल प्रशिक्षण शिविर 3 अगस्त को

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बसाहट के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित करने 3 अगस्त को मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भवन बेलोरा और बिरझुली में शिविर का आयोजन किया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी ने बताया कि सुबह 11 बजे से ग्राम पंचायत भवन बेलोरा और दोपहर 3 बजे से बिरझुली में शिविर लगाया जाएगा।

### स्काउट-गाइड जिला संघ के सदस्यों की सूची का प्रकाशन

**धमतरी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ धमतरी के जिला परिषद एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार जिला संघ धमतरी के निर्वाचन के लिए जिला संघ के सदस्यों की संवर्गवार सूची का प्रथम प्रकाशन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने बताया कि सूची जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय धमतरी और सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है।

## जिला प्रशासन ने लगाया 2 लाख रुपया का जुर्माना

# हड़ताल से रेत की किल्लत बढ़ी

## रेत चोरी के मामले में हाइवा संघ का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश हाइवा परिवहन संघ के बैनरतले गांधी मैदान में हाइवा मालिकों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस हड़ताल में धमतरी का एक भी हाइवा मालिक शामिल नहीं है। यहां गिनती के हाइवा मालिक बचे हैं। स्थानीय हाइवा मालिकों का कहना है कि अब ऊंट पहाड़ के नीचे आया है।

जिले में रेत का अकूत भंडार है। रेत के बढ़ते कारोबार को देखते हुए धमतरी के कई बेरोजगार ने अपनी संपत्ति गिरवी रख हाइवा खरीदा। रेत का व्यापार अच्छा देख धीरे-धीरे 30 से 40 हाइवा संचालक हो गए। पांच साल पहले कांग्रेस सरकार ने ग्राम पंचायतों द्वारा संचालित रेत खदानों को ठेका में दे दिया। रेत खदानों की नीलामी के बाद रेत माफियाओं का राज चलने लगा। सत्ता पक्ष के लोगों की खदानों में ऐसी पैठ बैठी कि 1850 रूपये की लोडिंग, रायल्टी, टैक्स 4 गुना बढ़कर 7500 रूपये हो गया। रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद से आने वाले सैकड़ों हाइवा रेत लोड कराकर बिना रायल्टी के दौड़ने लगे लेकिन यह स्थानीय हाइवा संचालकों के लिए मुसीबत बन गई। शहर सहित आसपास के क्षेत्र में ट्रेक्टर से 5000 रूपये में एक हाइवा के बराबर रेत उपलब्ध करा देते थे। वहीं हाइवा वाहनों को रेत लोडिंग का ही 5000 रूपये देना पड़ता था। इससे यहां का हाइवा व्यवसाय चरमरा गया। कर्ज में दबकर कई लोगों ने अपना हाइवा बेच दिया। आज की स्थिति में स्थानीय हाइवा मालिक आधे से भी कम रह गए हैं। स्थानीय हाइवा मालिकों का कहना है कि मनमाने दाम में रेत लोडिंग कराकर अवैध रूपये से बेखौफ रेत का परिवहन करने वाले ऊंट अब पहाड़ के नीचे आ गए हैं। हालांकि हाइवा संघ की सभी मांगें जायज हैं। प्रशासन का डंडा पड़ने के बाद अब हाइवा मालिक नींद से जागे हैं। जबकि यह धरना प्रदर्शन बहुत पहले किया जाना था ताकि स्थानीय हाइवा मालिकों की पेट रोजी चलती रहती।



### वाहन मालिकों पर पक्षपात कार्रवाई

बुधवार को कलेक्टोरेट में धरना प्रदर्शन के बाद संघ के बैनरतले हाइवा संचालक अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। गुरूवार को गांधी मैदान में तीन सूत्रीय मांगों को लेकर संघ के सदस्यों का कहना है कि वाहन मालिकों पर पक्षपात कार्रवाई हो रही है। 2 लाख अर्थदंड कम कर पूर्व की तरह लिया जाए। स्वीकृत रेत खदानों में सरकारी दर पर हर ट्रिप में रायल्टी उपलब्ध कराने के लिए खनिज विभाग को जिम्मेदारी दी जाए। अवैध परिवहन में पकड़े जाने वाले हाइवा चालक एवं मालिक के बयान को आधार मानकर अवैध खदान एवं भंडारण करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

### बेधड़क दौड़ने वाले हाइवा की रफ्तार से नगरवासी दहशत में

शहर के मुख्य मार्गों से बेधड़क दौड़ने वाले हाइवा से नगरवासी दहशत में रहते हैं। कुछ दिन पहले जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर हाइवा की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। कई लोगों की हादसे में अपंगता तथा मौत हो गई। तमाम पुलिस प्रशासन की समझाइश के बाद भी हाइवा चालक नशे में गाड़ी भगाते हैं। हाइवा की रफ्तार पर रोक लगाने शहर के लोगों ने कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

# फसल बीमा में घटी किसानों की रूचि

- 44 प्रतिशत किसानों ने ही जमा किया प्रीमियम, ऋणी किसानों की संख्या ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस साल कृषि बीमा में किसानों ने ज्यादा रूचि नहीं ली है। जिला सहकारी बैंक में पंजीकृत 1 लाख 25 हजार किसानों में से मात्र 55 हजार किसानों ने ही फसल बीमा करवाया है। अऋणी किसानों की संख्या तो और भी कम है।

खेती में किसानों को प्राकृतिक आपदा, कीट प्रकोप सहित कई कारणों से कई बार नुकसान उठाना पड़ता है। खेती में लाभ की अनिश्चितता को कम करने के लिए शासन द्वारा फसल बीमा की सुविधा दी गई है। किसानों से प्रीमियम लेने के बाद यदि उत्पादन कम होता है तो उसे बीमा से कवर किया जाता है। लेकिन इस साल फसल बीमा से किसानों की रूचि घटी है। जिला सहकारी बैंक में फसल बीमा की स्थिति देखें तो सभी 74 सहकारी समितियों में कुल मिलाकर 1 लाख 25 हजार किसान पंजीकृत हैं। इसमें से मात्र 44 प्रतिशत यानी 55 हजार 116 किसानों ने ही बीमा कराया है। बीमा कराने वालों में ऋणी किसानों की संख्या ज्यादा है। 35026 ऋणी किसानों ने बीमा कराया है। मात्र 90 अऋणी किसानों ने बीमा कराया है जो कुल किसानों की संख्या का एक प्रतिशत भी नहीं है।

उल्लेखनीय है कि कृषि बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी, ऐसे में बीमाधारक किसानों की संख्या और नहीं बढ़ेगी। अभी केवल जिला सहकारी बैंक से जानकारी मिली है। अन्य बैंक व संस्थाओं से जानकारी आनी बाकी है।




फाइल फोटो

### इसलिए कम हुई संख्या

पहले ऋण लेने वाले किसानों के खाते से बिना पूछे ही प्रीमियम काटकर उनका फसल बीमा कर दिया था, लेकिन अब समितियों में किसानों की सहमति लेकर ही फसल बीमा किया जा रहा है। बड़ी संख्या में किसानों ने फसल बीमा के लिए सहमति नहीं दी है। उन्होंने फसल बीमा से अलग रहने के लिए आवेदन भी किया है जिसके कारण बीमाधारक किसानों की संख्या कम हो गई है। उल्लेखनीय है कि अभी भी कई बैंकों में किसानों की सहमति के बिना उनका बीमा कर दिया गया है।

### यह भी है समस्या

फसल बीमा का लाभ किसानों को क्रॉप कटिंग के बाद दिया जाता है। इस बीच आने वाली प्राकृतिक आपदा या अन्य प्रकोप से किसानों को खुद ही जेब ढीली कर फसल की रक्षा करनी होती है। कई बार अति वर्षा या कम बारिश की स्थिति में फसल को बचाने के लिए किसानों को काफी लागत लगानी पड़ती है। इसे बीमा से कवर नहीं किया जाता है। वहीं फसल का उत्पादन भी 30 प्रतिशत से ज्यादा मार खाने पर किसानों को बीमा लाभ दिया जाता है।

## आज बारिश कल से राहत की उम्मीद गुरुवार को रूक-रूककर गिरता रहा पानी

**धमतरी।** दो अगस्त के बाद मौसम के साफ होने की संभावना है। गुरुवार को जिले में हल्की बारिश दर्ज की गई है। आज अच्छी बारिश की संभावना है। इसके बाद वर्षा की गतिविधियों में कमी आएगी। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानसून अब श्रीगंगानगर, रोहतक, हरदोई, वाराणसी, डेहरी, बांकुरा, कैनिंग से होकर दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल खाड़ी तक औसत समुद्र तल पर स्थित है। एक चक्रवाती परिसंचरण गंगटीय पश्चिम बंगाल और उससे सटे दक्षिण बंगलादेश के उपर समुद्र तल से 7.6 किमी उपर तक फैला हुआ है। इसके प्रभाव से शुक्रवार को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

### जिले में हुई 6.8 मिमी वर्षा

बुधवार और गुरुवार के दरम्यान जिले में 6.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। धमतरी में 12.1 मिमी, कुरूद में 12.3 मिमी, मगरलोड में 6.9 मिमी, भखारा में 9.6 मिमी, कुकरेल में 7 तथा नगरी, बेलरगांव में 0 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# सुभाषनगर वार्ड में उल्टी, दस्त की शिकायत

- मौके पर पहुंचा स्वास्थ्य अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मौसम के करवट बदलते ही मौसमी बीमारियां लोगों को अपने चपेट में ले लेती हैं। वर्तमान में बारिश का मौसम है। असंतुलित व दूषित खानपान के सेवन से उल्टी दस्त, डायरिया, डेंगू, मलेरिया की शिकायतें आने लगी हैं। नगर के सुभाषनगर वार्ड की निचली बस्ती के लोग डायरिया, मलेरिया, उल्टी, दस्त से पीड़ित हैं। वर्तमान में यहां 6 मरीज मिले हैं जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। कुछ मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। खबर मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम सुभाष नगर पहुंचकर लोगों को ऐहतियात बरतने की समझाइश दे रही है। क्लोरिन की टिकिया, ओआरएस पैकेट और दवाइयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से आग्रह किया है कि पानी उबालकर पीयें, गरम भोजन खायें, बाहर की सड़ी, गली और खुले में रखे भोजन, बासी भोजन का सेवन न करें।



# अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- नेशनल हाईवे सेनचुवा मोड़ के पास पुलिस ने धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत दो आरोपी को 42 पौवा देशी प्लेन शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल व बिक्री की रकम भी जब्त की है।

कुरूद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक काले रंग की मोटरसाइकिल में अवैध शराब लेकर ग्राम छाती की ओर से सेनचुवा की ओर जाने वाले हैं। सूचना पर कुरूद पुलिस मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम सेनचुवा मोड़ एनएच 30 नहर नाली के पास घेराबंदी कर एक काले रंग की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 के डब्लू 3479 में दो व्यक्ति को छाती की ओर से सेनचुवा की ओर जाते पकड़ा। उन्होंने अपना नाम केवलकृष्ण देव साहू एवं चंदन ध्रुव बताया। इनके कब्जे से एक काले रंग के पिट्ठू बैग में 42 पौवा देशी प्लेन शराब मिली। प्रत्येक में 180-180 एमएल शराब भरी थी। कुल 7.560 बल्क लीटर कीमत 3780 रूपये एवं प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई। धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।



## पीएम जनमन के तहत वनांचल में लग रहे नए टावर, कई गांवों में मिलेगी सुविधा

# अपग्रेड हो रहा बीएसएनएल, 3जी की दर पर देगा 5जी कनेक्टिविटी




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जल्द ही बीएसएनएल के प्रति लोगों की धारणा चेंज हो जाएगी। 2जी और 3जी की कीमत में उपभोक्ताओं को 4 जी और 5जी की सुविधा देने की तैयारी चल रही है। इसके साथ ही कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां कोई नेटवर्क नहीं है, वहां पर नए टावर लगाए जा रहे हैं।

भारत सरकार का बीएसएनएल तो विश्वसनीय कंपनी है लेकिन अब तक यह उपभोक्ताओं को वह सुविधा नहीं दे पाई है जिसकी जरूरत है। अब बीएसएनएल अपनी सुविधाओं में सुधार कर रहा है। जल्द ही बीएसएनएल उपभोक्ताओं की 4जी और 5जी नेटवर्क की सुविधा देगा। इसके लिए तैयारी जोर-शोर से चल रही है। नेटवर्क की स्पीड बढ़ाने मूलभूत इंफ्रास्ट्रकचर में बदलाव किए जा रहे हैं। बीएसएनएल द्वारा अब उपभोक्ताओं के 4जी और 5जी का सिम दिया जा रहा है। पुराने उपभोक्ताओं से भी अपील की जा रही है कि वे 2जी और 3जी के सिम को 4जी या 5जी के सिम से रिप्लेस करवा लें, ताकि आने वाले समय में उन्हें बीएसएनएल की एडवांस सुविधाओं का लाभ मिल सकें।

### पांच माह में हो जाएगा अपग्रेड

सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के साथ बीएसएनएल द्वारा अपना नेटवर्क एरिया भी बढ़ाया जा रहा है। जिन क्षेत्र में किसी आपरेटर का नेटवर्क नहीं है, वहां टावर लगाए जा रहे हैं। पीएम जनमन के तहत वनांचल क्षेत्र में कमार बस्तियों तक भी मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट पहुंचाने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार तुमराबहार, खिड़कीटोल, चंदनपुर, पारधी, कुरमाझर, गिरोलाडीह सहित 10 स्थानों पर नए टावर लगाए जा रहे हैं। दिसंबर तक कम्पलीट कर दिया जाएगा।

### स्वदेशी उपकरणों को दिया जा रहा है बढ़ावा

बीएसएनएल द्वारा स्वदेशी उपकरणों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत सभी प्रकार के देशी उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। नए टावरों में भी भारत में ही बने उपकरणों को लगाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 4जी और 5जी नेटवर्क के लिए भी भारत में निर्मित उपकरणों का ही उपयोग किया जा रहा है।

### सस्ते दाम में मिलेगी 5जी की सुविधा

हाल ही में लगभग सभी आपरेटरों ने अपनी दरों में बढ़ोतरी की है। लेकिन बीएसएनएल की दरें पुरानी ही हैं। आगे भी बढ़ोतरी का कोई प्लान नहीं है। ऐसे में उपभोक्ताओं को 2जी और 3जी के दाम में 4जी और 5जी की सुविधाएं मिलेंगी, वह भी अच्छी कनेक्टिविटी और स्पीड के साथ।

### बीएसएनएल पर बढ़ा भरोसा

अन्य आपरेटरों द्वारा टेरिफ बढ़ाने के बाद लोगों का भरोसा बीएसएनएल पर और बढ़ा है। बीएसएनएल ने अपना टेरिफ नहीं बढ़ाया है। यही कारण है कि पिछले कुछ दिनों में करीब 2000 नए उपभोक्ता बीएसएनएल से जुड़े हैं। जानकारी के अनुसार जिले में बीएसएनएल मोबाइल कनेक्शन के कुल उपभोक्ताओं की संख्या 17 हजार हो चुकी है। इसी प्रकार लैंडलाइन कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं की संख्या 22 सौ हो चुकी है। उम्मीद की जा रही है कि उपभोक्ताओं की संख्या में आगे और बढ़ोतरी होगी।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### निबंध प्रतियोगिता में पीजी कालेज के सहायक प्राध्यापक कृष्ण कुमार रहे अव्वल

■ मेरे सपने का खुशहाल छत्तीसगढ़ विषय पर हुई जिलास्तरीय प्रतियोगिता

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं पंकज जैन के मार्गदर्शन में विकसित छत्तीसगढ़ मेरे सपने का खुशहाल छत्तीसगढ़ विषय पर जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं के मध्य जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज धमतरी, पीजी कॉलेज कुरूद, शास. कन्या महाविद्यालय धमतरी, पीजी कॉलेज भखारा, शास. महाविद्यालय कण्डेल, शास.महाविद्यालय मगरलोड़, शास. नवीन महाविद्यालय आमदी, कुरूकुल महाविद्यालय मगरलोड़, काम्पटेक कॉलेज धमतरी एवं जेनेसिस महाविद्यालय धमतरी के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं को मिलाकर प्रत्येक कॉलेज के सर्वश्रेष्ठ 3 निबंधों को जिला स्तरीय निबंध मूल्यांक समिति व्दारा मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीसीएस शासकीय पीजी महाविद्यालय धमतरी के सहायक प्राध्यापक कृष्ण कुमार देवांगन को प्राप्त हुआ। व्दितीय स्थान शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की छात्रा चित्राक्षी को एवं तृतीय स्थान शास. महाविद्यालय कुरूद के लक्की साहू को प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका डॉ.सरला व्दिवेदी ,अंकित बोधवानी एवं मधुमाधव देव ने निभाई। प्रतियोगिता के आयोजक पंकज जैन ने बताया कि आजादी के अमृतकाल 2007 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन व्दारा अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 हेतु विकसित छग मेरे सपने का खुशहाल छग विषय पर महाविद्यालय स्तरीय एवं जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन छग के सभी जिलों में किया जा रहा है। कुल 29 प्रतियोगिता में भाग लेकर खुशहाल छग पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में माधव देव, किशोर चेलक, भीखम साहू, पल्लवी सेन, संतोष साहू, सूरज सोनकर का सहयोग रहा।

## निधन

### परवीन सईद

**धमतरी।** पीजी कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर स्व. अब्दुल सईद की पत्नी परवीन सईद उम्र 71



वर्ष का निधन हो गया। उन्हें रत्नाबांधा स्थित कब्रस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। मरहूम परवीन सईद हाजी सरफराज, मोहम्मद शोएब की वालिदा तथा डॉ. अब्दुल कदीर, अब्दुल शकील, फिजा पेट्रोल पंप के संचालक अब्दुल हनीफ की भाभी थी।

**आवश्यकता है**

घर में काम करने हेतु युवक, युवतियों की आवश्यकता है। जिसे सादा शुद्ध शाकाहारी भोजन बनाना आता हो, घरेलू कार्य में हाथ बंटा सके

संपर्क करें : वेदांक मिश्रा
90394 38030



पंचायत, क्रेडा विभाग में जानकारी देने के बाद समस्या का समाधान नहीं

# सोलर हैंडपम्प खराब, पानी के लिए भटक रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी क्षेत्र के कई गांव में सोलर हैंडपम्प लगा हुआ है। कुछ ग्राम पंचायत में खराब होने के बाद कई महीनों से बंद पड़ा है। क्रेडा विभाग द्वारा ध्यान नहीं देने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। ग्राम पंचायत हिरीडीही निवासी सुमित्रा नेताम, रोशन लाल नेताम ने बताया कि सोलर हैंडपम्प के खराब होने की जानकारी गांव के सरपंच को दे चुके हैं पर समस्या का निदान नहीं हुआ। पानी के लिए बहुत तकलीफ हो रही है। दूर से पीने पानी लाना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत ठेन्ही, तुमड़ीबहार का सोलर हैंड पम्प भी करीब एक महीने से खराब पड़ा हुआ है। सरपंच श्रीधन सोम ने कहा कि इसकी जानकारी विभागीय अधिकारी को दी गई है। अधिकारी का कहना है कि पम्प के लिए मोटर उपलब्ध नहीं है। सरपंच द्वारा लोगों की समस्याओं को देखते हुए सौरऊर्जा हैंडपम्प में सबमर्सिबल पंप लगाकर लोगों को पानी उपलब्ध करा रहे हैं। तीनों ग्राम पंचायत के सोलर हैंडपम्प खराब होने के कारण मोहल्लेवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीने का पानी दूर से लाना पड़ रहा है। कुएं से भी पानी की व्यवस्था की जा रही है।

## मृतक के परिजनों को दी श्रद्धांजलि योजना की राशि



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 11 निवासी अब्दुल रहमान की मृत्यु होने पर उनकी मां खैरून नबी को राष्ट्रीय परिवार योजना अंतर्गत सहायता राशि दी गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, मंडल प्रभारी रवि दुबे, आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल पालक समिति अध्यक्ष कमल डागा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, मंडल महामंत्री हृदय साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा, पार्षद अश्विनी निषाद, पूनम बलजीत छाबड़ा मौजूद थे।

# आज नशामुक्त समाज की कल्पना को साकार करने की जरूरत

■ नारी स्कूल में नशा मुक्ति जागरुकता पर हुई गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री






शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारी में नशा मुक्ति जागरूकता पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग धमतरी, शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान, नशा मुक्ति केंद्र धमतरी, शक्ति टीम के संयुक्त तत्वाधान में यह अभियान चलाया जा रहा है। शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष मनोज साहू , उदय कुमार सचिव, खेमचंद गंजीर, पुलिस थाना कुरूद के आरक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। खेमचंद गंजीर ने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र धमतरी में नशा पीड़ति व्यक्तियों को निःशुल्क उपचार की सुविधा के साथ मनोवैज्ञानिक तरीके से योगाभ्यास मेडिटेशन एवं व्यायाम के साथ-साथ नशा से पीड़ति व्यक्तियों का इलाज प्राकृतिक एवं आध्यामिक प्रक्रिया के तहत किया जाता है। उदय कुमार साहू ने बताया कि नशे से व्यक्तियों को सामाजिक, मानसिक, पारिवारिक एवं आर्थिक तकलीफों से गुजरना पड़ता है। नशा करने वाले व्यक्ति का पतन होता जाता है । नशा नाश की जड़ होती है। आज नशा मुक्ति समाज की कल्पना को साकार करने की आवश्यकता है। मनोज साहू ने कहा कि नशा से लीवर, किडनी, फेफड़ों का डेमेज होना, फोकस एण्ड कंसन्टेशन लॉस, माइण्ड डिसआर्डर एण्ड डिप्रेशन, सॉइकोसिस यानी भ्रम की बीमारी, पैनिक अटैक का होना, दुर्घटना, आत्महत्या का खतरा बढ़ जाता है। इसकी रोकथाम के लिए समाज में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नशे से संबंधित प्रश्न किए। प्रश्नों का समाधान मनोज साहू द्वारा किया गया। श्रीमती देवांगन व्याख्याता ने नशे के दुष्प्रभाव, फ्राड काल एवं शक्ति टीम की भूमिका के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रहलाद ध्रुव प्राचार्य ने किया। मौके पर भूमिका देवांगन, रंजना साहू, विनोद दीवान, तुलसी राम तारक, रेशमा मुदलियत, नम्रता अवस्थी समेत स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## बकली में श्रावणी रामायण जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम पंचायत बकली में विगत 30 वर्षों से लगातार श्रावण मास में श्रावणी रामायण का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी ग्रामवासियों के सहयोग से श्रावणी रामायण किया जा रहा है। गांव की सुख समृद्धि के लिए रोज पूजा आरती की जा रही है। कार्यक्रम में मन्नूलाल, अंकालुराम, जागेश्वर साहू ग्रामीण अध्यक्ष, टीकाकार नूतन कुमार, रामेश्वर साहू, रेलहा राम, बलेंद्र साहू, गौतम साहू निरंतर सहयोग दे रहे हैं। वादन में दरबारी राम, गिरिराज, अभिजीत देवांगन, डीलेंद्र पटेल, मूलचंद, चिन्मय साहू, अरुण देवांगन भूमिका निभा रहे हैं।

# वेदिका चुनी गई महिला जिलाध्यक्ष

■ देवांगन समाज की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



कुरूद मंडल देवांगन समाज की रविवार को देवांगन भवन में बैठक हुई। दिवंगत देवांगनजनों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सामाजिक प्रकरण, भवन निर्माण व जिला देवांगन समाज धमतरी की आगामी बैठक की व्यवस्था व अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही निर्वाचित पदाधिकारियों के लिए स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हरीश देवांगन को प्रदेश सहसचिव, वेदिका देवांगन को महिला जिलाध्यक्ष, इंदिरा देवांगन को कोषाध्यक्ष व सूरज देवांगन को जिले में संरक्षक बनने पर सम्मान किया गया।

मौके पर मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, सचिव राज देवांगन, कोषाध्यक्ष बोधन देवांगन, सत्यवान देवांगन, गोरख देवांगन, सुशील देवांगन, प्रकाश, शेषनारायण, पुरुषोतम, भरोसा, रोमन देवांगन, रुपेन्द्र, आनंद, कृष्णा, डॉ. नंदनवार, नेतु, विद्या, साधना, सुनीति, जयंती देवांगन समेत देवांगन समाज के लोग उपस्थित थे।

# दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ब्रेल लिपि वरदान

■ दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री में बाल उमंग कार्यक्रम मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री में बाल उमंग का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथि तमन्ना जैन सामाजिक कार्यकर्ता कुरूद थे। अध्यक्षता कुमारी मनीषा नेताम अधीक्षक दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री ने की। इस दौरान बच्चों ने नृत्य, गायन, चित्रकला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। तमन्ना जैन, राहुल जैन, श्रृष्टि जैन कुरूद ने बच्चों को भोजन प्रसादी बांटा। सहयोग राशि भी प्रदान की। गीतेश्वरी साहू विशेष शिक्षक ने बताया कि दृष्टिबाधित बच्चों को ब्रेल लिपि में शिक्षा दी जाती है। गीत भी सिखाया जाता है। उमा नागवंशी विशेष शिक्षक ने बताया कि प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात के बच्चों को थैरिपी दी जाती है। जानकी ध्रुव एवं संजू नागवंशी ने बताया कि श्रवण बाधित बच्चों को हाथों की भाषा, होठों की भाषा, आंखों की भाषा, शारीरिक भाषा के माध्यम से पढ़ाया जाता है। मनीषा साहू योग शिक्षक ने बताया कि प्रति दिवस सभी बच्चों को योग, व्यायाम कराया जाता है। प्रियंका नागवंशी रसोईया प्रभारी ने बताया कि बच्चों को सुबह नाश्ता में छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा, चीला, खीर पूड़ी, भजिया, पोहा, सूजी, सेवई, रोटी देते हैं। दोपहर में चावल, दाल, सब्जी, अचार, पापड़ व शाम को चाय बिस्किट तथा रात्रि में चावल, दाल, सब्जी दिया जाता है। एनकुमारी साहू विशेष शिक्षक ने बताया कि बौद्धिक मन्दता के बच्चों का बौद्धिक स्तर कम होता है। बच्चों को अपना नाम, माता- पिता का नाम तथा गांव का नाम लिखना सिखाया जाता है। इस कार्यक्रम में खिलेश्वरी ध्रुव, आयंती कावड़े रसोईया, बनऊ राम यादव का सहयोग रहा।

# एक शिक्षक के भरोसे 60 छात्रों का भविष्य



■ जरवायडीह स्कूल में शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई चरमराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

शासकीय प्राथमिक शाला जरवायडीह में शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से चरमराई हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान सत्र में एक शिक्षक होने के कारण पढ़ाई नहीं हो पा रही है। विद्यालय में 60 बच्चे अध्यनरत हैं। शिक्षकों की कमी से बच्चों की संख्या स्तर पर भी कमी आ रही है। ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन देकर प्रधानपाठक व सहायक शिक्षक सहित दो शिक्षकों की मांग की है।

इस अवसर पर सरपंच विमला देवदास, रामेश्वर पाल, ललित पटेल, तीरथराम पाल, तारिणी, अवनी डिकेश्वरी पटेल, गिरिजा पटेल, दिनेश पटेल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# मुंशी प्रेमचंद की कहानी सामाजिक आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है

■ सिलौटी स्कूल में कहानीकार, उपन्यास सम्राट की जयंती मनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में प्राचार्य बी. पदमा राजेश के नेतृत्व में कलम के जादूगर, कहानीकार, उपन्यास सम्राट, कुशल वक्ता मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। छात्रों व शिक्षकों ने मुंशी प्रेमचंद की जीवनी, उनकी प्रमुख साहित्यक कृतियों, उपन्यास, कहानियों पर अपने विचार रखे।

इस अवसर पर हिन्दी के व्याख्याता संतोष ध्रुव ने अपने उद्बबोधन में कहा कि मुंशी प्रेमचंद बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनकी प्रारंभिक रचना ऊर्दू है। बाद में उन्होंने हिंदी में लिखना शुरू किया। उन्होंने करीब तीन सौ कहानियां लिखी। उनकी प्रमुख कहानियां व उपन्यास में कफ़न, पंच परमेश्वर, नमक का दरोगा, पूस की रात, गोदान, प्रतिज्ञा, रंगभूमि, सोजे वतन सेवा सदन कर्मभूमि, प्रेमाश्रय हैं। उन्होंने समाज और जीवन के हर पक्ष पर कहानी लिखी। उनकी सच्ची व सजीव कहानियां तत्कालीन सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक स्थितियों को प्रभावित करती है।

व्याख्याता संतोष जैन ने उनके साहित्यिक योगदान पर समीक्षा करते हुए कहा कि उनकी कहानियां गांव, गरीब किसान व नारी वेदना की व्यथा का मार्मिक चित्रण करती है। उन्होंने अपनी कहानी व लेख के माध्यम से अंधविश्वास, स्वार्थ, शोषण, कुप्रथाओं और कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। उनकी कृतियां जीवन व साहित्य को समान रूप से प्रभावित करती हैं। यही कारण है कि उनकी प्रासंगिकता आज भी है। कार्यक्रम का संचालन एनके साहू ने किया।

इस अवसर पर जेएन सोनवानी, एचआर साहू, वायके सेन, एचके साहू, यशोदा साहू, आकाश साहू, फिरंता रजक, भोजराम साहू व बड़ी संख्या विदयार्थी उपस्थित रहे।

# छात्रसंघ अध्यक्ष सिद्धार्थ व उपाध्यक्ष डालेश्वरी बने



**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में छात्रसंघ का चुनाव किया गया। अध्यक्ष सिद्धार्थ, उपाध्यक्ष डालेश्वरी, सचिव सौरभ, सहसचिव सेजल साहू चुने गए। अनुशासन प्रभारी तीमा, मीनाक्षी, टिकेश्वर, दीपक, स्वच्छता प्रभारी नीतू, सरला, गगन, गिरिराज, पर्यावरण प्रभारी तिलेश्वरी, ऐश्वर्या, तन्मय, सांस्कृतिक प्रभारी योगेश्वरी, साधना, यमन, खेल प्रभारी सुमित्रा, होमेश, विज्ञान प्रभारी नेहा, समीक्षा, सुनैना, स्वास्थ्य प्रभारी चन्द्रप्रभा, भूमिका, कुलदीप एनएसएस प्रभारी रूपाली, लीना, नितिश, पामेन्द्र, स्काउट गाइड प्रभारी विनीता, चुनिका, शैलेन्द्र, सुधीर कुमार, साहित्यिक प्रभारी वोगिता, प्रिया, रेडक्रॉस प्रभारी गुंजा, जयश्री बनाए गए। नवमी से बारहवीं तक कक्षा नायक, उपकक्षा नायक मनोनीत किए गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को प्राचार्य चैतराम साहू ने दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई। छात्र परिषद प्रभारी वासुदेव कुमार सोनबेर एवं सह प्रभारी अनिल कुमार साहू ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से कहा कि अनुशासित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर विद्यालयीन गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन करें। इस अवसर पर बालकृष्ण साहू, पुष्पेंद्र गुरु, नरेश कुमार, संतोष राव जगताप, रविंद्र बंदे, मानसिंह जांगड़े, हरिश्चंद्र नेताम, सीमा सोनी, किरण मनहर, उत्तरा गंजीर एवं प्रमोद बैस उपस्थित थे।

तैयारी को लेकर हुई समाजनों की बैठक, पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

# पुरानी मंडी धमतरी में मनेगा विश्व आदिवासी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी




संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को धूमधाम से मनाए जाने के संबंध में ब्लॉक स्तरीय सर्व आदिवासी समाज की बैठक सर्व आदिवासी भवन नगरी में रखी गई। इस संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस का जिलास्तरीय कार्यक्रम पुरानी मंडी धमतरी में होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई।

बैठक में संरक्षक आरएल देव, जिला उपाध्यक्ष हिर्दय नाग, अध्यक्ष उमेश देव, महासचिव पूरन नेताम, उपाध्यक्ष अरविंद नेताम, हलधर शार्दूल, दलगंजन मरकाम, प्रमोद कुंजाम, हेमलाल मरकाम, राजेश कोर्राम, नरेश छेदेहा, विष्णु भास्कर, उत्तम नेताम, भावत ध्रुव, कर्मचारी प्रभाग सुरेश ध्रुव, नेमीचंद देव, स्कन्द ध्रुव, युवा प्रभाग संतकुमार नेताम, नीलू छेदैहा, नरसिंह मरकाम, श्रीधन सोम, लखन ध्रुव उपस्थित थे।

**Pride of Dhamtari**

आपके शहर धमतरी में
श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल, रायपुर से
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 7389936624

स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

| डॉ अक्षय बेद | डॉ आशु जैन | डॉ जोगेश |
|---|---|---|
| MS,MCh, Neurosurgeon ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ | MS,MCh, Neurosurgeon ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ | MD,DM Interventional Cardiologist |
| 02 व 16 अगस्त 2024 शुक्रवार | 09 अगस्त 2024 शुक्रवार | 17 अगस्त 2024 शनिवार |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने 31 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर ग्राम पंडरीपानी में एक व्यक्ति से 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि डंकेश चौहान के ठेला के पास ग्राम पंडरीपानी में अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा है। जिस पर पुलिस ने डंकेश चौहान के ठेला के पास ग्राम पंडरीपानी में जाकर पूछताछ किया तो अपने पास एक नीला कलर का जरीकेन में 3 लीटर महुआ शराब होना बताया जिसपर पुलिस ने आरोपी से एक नीला कलर का जरीकेन से 3 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपए जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(1) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### बाइक से मोबाइल और नगदी रकम की चोरी

**महासमुंद।** संबलपुरी साड़ी बनाकर बेचने बरगढ़ जा रहे एक व्यक्ति के मोटरसायकल से तीन व्यक्तियों ने नगदी रकम और मोबाइल की चोरी कर ली। घटना सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम चट्टीगिरोला की है। ग्राम कसडोल थाना बलौदा निवासी लालबहादुर मेहेर ने पुलिस को बताया कि वह संबलपुरी साड़ी बनाकर बेचने का काम करता है और हमेशा की तरह 30 जुलाई को अपने मोटर सायकल टीवीएस विक्टर क्रमांक सीजी 06 जीएच 0385 से संतोष मेहेर पिता रूखमण मेहेर (50 वर्ष) के साथ रात्रि में घर से 11.30 बजे बैलजुरी बाजार साड़ी बेचने निकला था। इसी दौरान चट्टीगिरोला के पास ट्रक बाडी गैरेज के पास मोटर सायकल को खड़ा कर शौच के लिए उतरा था, तथा वर्षा के कारण 2 नग मोबाइल एवं नगदी रकम 10 हजार रुपए को झिल्ली में भरकर मोटर सायकल के डिक्की में रख दिया। लालबहादुर ने बताया कि वहां पर एक मोटर सायकल में मोहम्मद फाईन राजा, पुष्कर नायक और शेख फियाज सरायपाली भी रूके थे, इसके बाद जब वह शौच करने के वापस मोटर सायकल के पास आया तो वह तीनों लड़के चले गए थे, और उसने मोटर सायकल की डिक्की को देखा तो उसमें रखे दो मोबाइल एवं नगदी रकम 10 हजार रुपए नहीं थे। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 3(5), 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, विमला चंद्राकर लता चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा बालगंगाधर तिलक ने भारत देश के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### आंगनबाड़ी में किया गया फलदार पौधों का रोपण

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के आंगनबाड़ी में पार्षदों द्वारा फलदार पौधे नीबू, जामुन, सीताफल, आंवला रोपे गए। साथ ही पौधे की देखभाल की शपथ ली गई। इस अवसर पर पार्षदगण गजेंद्र साहू, विजय बांधे, गौतम सिन्हा, शैलेंद्र सेन, किशन साहू, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर तुमगाव सेक्टर सरिता चक्रधारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सायरा कुरैशी, ओंकारी साहू, पल्लवी साहू, नवरात्रि चक्रधारी, राजेश्वरी निर्मलकर, अनुसुइया जलक्षत्री, वन विभाग से उपेंद्र सिदार एवं वार्ड की माताएं, नन्हें बच्चे उपस्थित रहे।

### रंगमंच भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल समेत सभी जनप्रतिनिधियों के अथक प्रयास से नगर के सबसे पुराना रावण भाठा चौक वार्ड नं 04 में नगरवासियों की मांग पर रामलीला कार्यक्रम कराने और दशहरा पर्व मानने के लिए रंगमंच भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कार्य पूर्णता की ओर है। निर्माण कार्य का निरीक्षण पार्षद सभापति धर्मेंद्र यादव ने किया। यादव ने बताया कि रंगमंच भवन निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। रंगरोगन का कार्य चल रहा है।

---

चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ने 95 सैम्पल लिए, दो अमानक मिले

# खाद्य विभाग ने कुरूद के ढाबा, रेस्टोरेंट होटल, पान सेंटर में मारी रेड





**साफ -सफाई के साथ गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री देने के निर्देश**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि चलित खाद्य प्रयोगशाला ने निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य परिसरों एवं खाद्य पदार्थों के निर्मित किए जाने वाले जगहों की सफाई व्यवस्था ठीक रखने, गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का उपयोग मिठाईयों एवं नमकीन बनाने में करने, किसी भी निर्मित मिठाइयों या खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंगों का उपयोग नहीं करने के साथ ही किराना दुकानों में बिना बैच नम्बर, ऐसे खाद्य पदार्थ जिसमें निर्माण तिथि अंकित नहीं हो, विक्रय नहीं करने और अखबारी स्याहीयुक्त कागज में खाद्य पदार्थ नहीं परोसने की समझाईश दी गई। साथ ही ग्राहकों से अपील की गई है कि वे साफ-सफाई युक्त खाद्य परिसरों से ही जांच-परखकर, खाद्य पदार्थों की अवसान तिथि, खाद्य लायसेंस पंजीयन नंबर देखकर ही पैक्ड खाद्य पदार्थों का क्रय करें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

गुरुवार को खाद्य विभाग द्वारा कुरूद शहर के नया बस स्टैण्ड स्थित पंचू साहू ढाबा, यादव ढाबा, ठाकुर ढाबा एवं रेस्टोरेंट व जनता ढाबा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान साफ-सफाई का अभाव, खाद्य पदार्थों को ढंकने की संतोषजनक व्यवस्था नहीं पाए जाने एवं खाद्य पंजीयन लायसेंस नहीं होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 55 के तहत स्पष्टीकरण जारी किया गया।

इसी तरह रेवा पान सेंटर नया बस स्टैण्ड कुरूद में एक्सपायरी गाठिया तथा यादव होटल में अमानक तेल का उपयोग करते पाया गया, जिसे मौके पर नष्ट कराया गया। इसके साथ ही कारगिल चौक कुरूद स्थित कृष्णा पावभाजी एवं चाट सेंटर कुरूद, शारदा चाट सेंटर और अमन मेडिकल स्टोर्स कुरूद तथा कोमल किराना स्टोर्स मोहंदी में बिना खाद्य पंजीयन लायसेंस के खाद्य कारोबार करते पाया गया। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से खाद्य पदार्थों का नियमानुसार सर्वेलेंस के अनुरूप कुल 95 नमूना संकलित किया गया, जिसके दो अवमानक एवं 3 मिथ्याछाप का पाया गया।

---

# साइकिल सवार की मौत के मामले में बाइक चालक पर कार्रवाई




**पोटियाडीह के पास हुआ था हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पोटियाडीह के पास हुई सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत के मामले में अर्जुनी पुलिस आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

उल्लेखनीय है कि अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी के इंदिरा गांधी वार्ड निवासी छन्नूराम ढीमर पिता रामकरण उम्र 50 वर्ष ग्राम पोटियाडीह स्थित सरस्वती राइस मिल में मजदूरी करता था। बीते 2 जुलाई को काम करके रात्रि 8 बजे के लगभग साइकिल से घर जाने के लिए राइस मिल से निकलकर आमदी मुख्य मार्ग में पहुंचा था। इसी दौरान आमदी की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक के चालक ने साइकिल सवार छन्नूराम को ठोकर मार मौके से फरार हो गया। बाइक की ठोकर से घायल अधेड़ को आमदी स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराकर उसके घर पहुंचा दिया जहां देर रात्रि छन्नूराम की मौत हो गई। सूचना पर अर्जुनी पुलिस आमदी पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डाक्टर ने छन्नूराम की मृत्यु सिर में गंभीर चोट लगने से होना बताया। पुलिस आरोपी अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ धारा 194 बीएनएस के अपराध दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

---

# महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं को वितरित किए पौधे




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना की छठवीं किस्त की राशि हस्तांतरित की गई। धमतरी जिले के ग्राम पंचायत सोरम के ग्राम बेलतरा में महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को 'एक पेड़ मां के नाम' रोपित करने हेतु 210 नग फलदार पौधों का वितरण वन विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर संलग्नाधिकारी बी.के. लकरा, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण धमतरी राकेश कुमार तिवारी, सुपरवाइजर महिला बाल विकास विभाग सरिता कुशवाहा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता ध्रुव, अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति बेलतरा श्याम सुंदर सिन्हा, अशोक सिन्हा एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

---

भखारा पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

# 71 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



भखारा पुलिस ने ग्राम कोपेडीह में दबिश देकर बिक्री के लिए रखी 71 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना भखारा को 1 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कोपेडीह निवासी राजू बघेल हाथभट्टी कच्ची महुआ शराब की बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर तत्काल एसडीओपी कुरूद एवं थाना प्रभारी भखारा ने अपने स्टॉफ के साथ बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी की। इस दौरान उसे 8 नग प्लास्टिक सफेद रंग की जरकिन में अवैध रूप से शराब की बिक्री करते पकड़ा गया। राजू बघेल पिता स्व. बिसरुराम बघेल उम्र 49 वर्ष साकिन कोपेडीह से कच्ची हाथ भट्टी से निर्मित महुआ शराब 7 नग 10-10 लीटर वाली सफेद रंग की प्लास्टिक जरकिन के अंदर में 10-10 लीटर शराब भरी हुई एवं 1 नग 10 लीटर वाली सफेद रंग की प्लास्टिक जरकिन के अंदर 1 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब भरी हुई कुल जुमला 71 लीटर कीमत 7100 रूपये एवं शराब बिक्री रकम 300 रुपये कुल 7400 रुपये जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना भखारा में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। इस कार्यवाही में एसडीओपी कुरुद रागिनी मिश्रा, थाना प्रभारी भखारा निरीक्षक लेखराम ठाकुर, प्रआर शेखर सिन्हा, अश्वनी बंजारे, आरक्षक हरिशंकर सिन्हा, खुमानलाल साहू, सुदर्शन दीवान एवं महिला आरक्षक भारती साहू, संतोषी साहू का योगदान रहा।

---

# सांकरा स्कूल के छात्र जाति निवास प्रमाण-पत्र बनाने पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

शासकीय प्राथमिक शाला सांकरा एवं शासकीय माध्यमिक शाला सांकरा के छात्र-छात्राएं पंचायत भवन में आय, जाति निवास प्रमाण पत्र में पटवारी से हस्ताक्षर करवाने पहुंचे।

छात्राओं ने पूछने पर बताया कि हमारे शिक्षक ने भेजा है। पंचायत के कर्मचारियों का कहना है कि कई दिनों से बच्चे पंचायत भवन आ रहे हैं। बाजू में पटवारी कार्यालय में कुछ छात्र-छात्राओं ने अपने जाति, निवास प्रमाण-पत्र में सील साइन कराया।

---

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विद्युत ऊर्जा के उत्पादन के लिये कोयला, डीजल, पेट्रोल की लगातार बढ़ती खपत की पूर्ति के लिये वन एवं प्राकृतिक संसाधनों के निरंतर दोहन के कारण मानव जाति के समक्ष प्राकृतिक असंतुलन एवं पर्यावरण संबंधी गंभीर खतरे को देखते हुए प्रदूषण मुक्त, पर्यावरण फ्रेण्डली ऊर्जा उत्पादन किये जाने की महती आवश्यकता महसूस की गई एवं ऊर्जा के अक्षय स्त्रोत सूर्य के प्रकाश से उत्पन्न ऊर्जा का मानव जाति के कल्याण के लिये अधिकाधिक उपयोग किये जाने के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 में पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत देश के एक करोड़ तथा राज्य के 01 लाख घरों की छतों पर सौर पैनल स्थापना करके प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने की घोषणा की गई है।

इस योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली, 78000 रूपए तक की अधिकतम सब्सिडी, सस्ते ब्याज पर बैंकों से लोन उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के तहत हितग्राही की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किया जावेगा। हितग्राही की औसत मासिक विद्युत खपत 150 यूनिट तक होने पर 1-2 कि.वॉ. क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट लगा सकता है। 150 से 300 यूनिट औसत खपत हेतु 2 से 3 कि.वॉ. एवं 300 यूनिट से अधिक बिजली खपत होने पर 03 कि.वा. से अधिक क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट लगाया जा सकता है।

धमतरी-कुरूद संभाग के कार्यपालन अभियंता जीके बंजारे ने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को सब्सिडी सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किया जायेगा। सोलर प्लांट से अधिक बिजली उत्पादित होने पर उपयोग के बाद अतिरिक्त बिजली को विद्युत कंपनी को बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है। नगर पालिक निगम धमतरी के विभिन्न वार्डों में आयोजित हो रहे जन समस्या निवारण शिविर में विद्युत विभाग के स्टॉल में संपर्क करके आवेदन प्रक्रिया एवं योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने का अनुरोध किया।

---

# पंचायतों में अहाता निर्माण सितम्बर तक पूर्ण करने का आदेश

- जिला पंचायत सीईओ ने सभी जनपद पंचायत के सीईओ को किया निर्देशित
- वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की निर्माण कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत जनपद पंचायत के स्वीकृत कार्य एवं 15वें वित्त आयोग अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों को प्राप्त राशि के व्यय की वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की। इस बैठक में जनपद पंचायत धमतरी, कुरूद, मगरलोड, नगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे।

सीईओ ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक के स्वीकृत कार्य जैसे सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक भवन, मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य, रंगमंच निर्माण कार्य, एकीकृत सुविधा केन्द्र निर्माण, चौक निर्माण के भौतिक रूप से पूर्ण कार्यों को माह अगस्त तक पूर्ण कराते हुए यूसी, सीसी जिला कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिये। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के कार्य जिसमें रंगमंच निर्माण, बाजार शेड निर्माण कार्य, सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण, सांस्कृतिक कला मंच निर्माण कार्य, एकीकृत सुविधा निर्माण कार्य, स्वागत गेट निर्माण कार्य, प्राथमिक शाला में अहाता निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत में अहाता निर्माण कार्य के सभी प्रगतिरत कार्यों को माह सितम्बर तक पूर्ण कराने सर्व जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया गया।

मनरेगा योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत पौधरोपण कार्य की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि पंचायतवार किन किन स्थानों पर कितना पौधारोपण हुआ है, की जानकारी जिला कार्यालय को प्रेषित करें तथा रोपित पौधों का जियो टैग करावें। समूह की महिलाओं को जोड़ने के लिए ग्राम पंचायत में क्लार्ट मैप बनाये जाने के निर्देश दिए। 15 अगस्त को पंचायत में होने वाले ग्राम सभा में सचिव, रोजगार सहायक क्लार्ट मैप के आधार पर जल संरक्षण से संबंधित कार्यों का प्रस्ताव करेंगे।

ग्राम गरीबी उन्मूलन कार्य योजना अंतर्गत योजना निर्माण एवं एप्प में प्रविष्टि करने हेतु विकासखंड धमतरी, कुरूद, मगरलोड, नगरी के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया। लोकोस एप अंतर्गत छूटे हुए स्वयं सहायता समूह एवं ग्राम संगठन भवन का ऑनलाइन सत्यापन शीघ्र पूर्ण करने तथा कट ऑफ डेटा एंट्री तत्काल शुरू करने सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए सीईओ ने सबसे पहले ग्राम पंचायत के सामुदायिक स्थल में कचरा कलेक्शन सुनिश्चित करने कहा। इससे गांव में स्वच्छता का वातावरण निर्मित होगा।

---

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले के 10 स्कूलों के 20 विद्यार्थियों से की रूबरू चर्चा

# सपने ऐसे हों, जो रात को सोने न दें : कलेक्टर नम्रता गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा विभाग, रेडक्रॉस द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचार किया जा रहा है। बीते दिनों जिला प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा, रेडक्रॉस और यूनिसेफ के सहयोग से शासकीय स्कूलों में कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रिंटिंग सामग्रियों के जरिए खेल गतिविधि, भावना चक्र, भावनात्मक पाबंदी, भावनाओं को कैसे नियंत्रण करना, किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को समझना सहित आत्म जागरूकता और प्रेरणात्मक कहानियों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान इन स्कूलों में विद्यार्थियों को मास्टर ट्रेनर्स के तौर पर चयनित किया गया, जो आगामी दिनों में हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल और मिडिल स्कूलों सहित पालकों को भी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी देंगे।

**बच्चों पर दबाव न बनाएं**

उन्होंने पालकों से भी आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों के लिए भी प्रोत्साहित करें और कम अंक आने पर बच्चों पर दबाव नहीं बनाएं, बल्कि उन्हें आगे और मेहनत कर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित करें।

**मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में मिली जानकारी को बच्चों ने किया अधिकारियों से साझा**

**• महापुरूषों की जीवनी से प्रेरणा लें**

सीईओ जिपं रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां जैसे खेल, नृत्य, नाटक, पेंटिंग भी करते रहें। उन्होंने अच्छे दोस्त बनाने सहित महापुरूषों की जीवनी से प्रेरणा लेने कहा। मूड नहीं होने पर थोड़ा घूमना-फिरना कर लें और उसके बाद पढ़ाई करें, लेकिन पढ़ाई को नहीं छोड़ना है। पुलिस अधीक्षक श्री वार्ष्णेय ने बच्चों को पूछा कि कोई ऐसी घटनाएं बताएं, जिसका समाधान दूसरों के लिए प्रेरणादायक रहा हो। कार्यक्रम में अन्य विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब अधिकारियों द्वारा दिया गया।

**• अखबार दुनिया को देखने की खिड़की**

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि आप जो पढ़ाई कर रहे हो उसे अपनी जिंदगी में उपयोगी बनाएं। जिंदगी में पढ़ाई वेस्ट नहीं होने देती। उन्होंने कहा कि अखबार दुनिया को देखने की खिड़की है। सपने ऐसे हों, जो रात को सोने न दें, कुछ ऐसा सपना आपने भी देखा होगा। कलेक्टर ने कहा कि मैं हर महीने टास्क बनाती हूं। उन्होंने बच्चों को भी टास्क बनाकर उसे पूरा करने के लिए अभी से जुट जाने कहा।

**• मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से काफी लाभ मिला**

रू-ब-रू कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से विद्यार्थियों को मिले फायदे के बारे में पूछने पर डॉ.शोभाराम देवांगन हायर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 12वीं विज्ञान विषय के छात्र पुष्पेन्द्र कुमार ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में उन्हें काफी लाभ मिला है। अब वे परीक्षाओं के दौरान भी तनावमुक्त रहकर सोते हैं और अपनी पढ़ाई पर फोकस करते हैं। हायर सकेण्डरी स्कूल देमार के पुष्पेन्द्र साहू ने बताया कि उन्होंने अपने पिता से अपने मन की बात बताई, जिससे उनका तनाव कम हो गया।

कलेक्टर नम्रता गांधी ने अपने निवास पर 10 स्कूलों के 20 विद्यार्थियों से मिलकर रूबरू चर्चा की और मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में उनके द्वारा सीखी गई बातों और उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा।

इन बच्चों में धमतरी विकासखण्ड के डॉ.शोभाराम देवांगन स्कूल, नत्थुजी जगताप नगरनिगम स्कूल सेजेस बठेना, शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर, शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार, शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा, शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली, विकासखण्ड कुरूद स्थित सेजेस कुरूद, नगरी विकासखण्ड के शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलोनी और शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकरेल के विद्यार्थी शामिल हैं।

इस अवसर पर सीईओ जिपं रोमा श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीकांत चन्द्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले, संबंधित स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक और अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क अग्निकर्म चिकित्सा शिविर आज

**धमतरी**। श्री आरोग्य मंदिर आयुर्वेद चिकित्सालय आमापारा अम्बा चौक धमतरी में आज 2 अगस्त को सुबह 10 से 2 बजे तक निःशुल्क अग्निकर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। डॉ धर्मेन्द्र सिन्हा ने बताया कि शिविर में सभी प्रकार के जोड़ों की वेदना-पीड़ा पर अग्निकर्म चिकित्सा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। आहार-विहार पर भी जानकारी दी जाएगी।

### ज्ञान अमृत इंग्लिश स्कूल में छात्रसंघ का गठन

**धमतरी**। ज्ञान अमृत इंग्लिश स्कूल धमतरी में छात्रसंघ का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी के रूप में विद्यालय की शिक्षिका अनुपा टंडन ने चुनाव के नियम एवं प्रक्रिया के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। अध्यक्ष कक्षा 9वीं से नूतन देवांगन, उपाध्यक्ष कक्षा 8वीं से अजय, कोषाध्यक्ष कामना साहू, सचिव दीक्षा खरे, सांस्कृतिक प्रभारी अर्पिता गुप्ता, अनुशासन प्रमुख फरहान, स्वास्थ्य प्रभारी आर्यन निशांत, स्वच्छता प्रमुख नवीन नायडू, प्रार्थना प्रमुख लालिमा कुम्भकार, पीटी प्रभारी श्रेया पटवा, खोया पाया हंशिका सारसार चुने गए। निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रधानपाठिका पुष्पलता जाधव ने कहा कि अनुशासन व संस्कार ही मानव को महान बनाता है। सभी छात्र इन गुणों को अपने जीवन में सदैव धारण करें।

### एक पेड़ देश के नाम रोपे फलदार, छायादार पौधे

**धमतरी**। जालमपुर, कोष्टापारा के वार्डवासियों ने एक पेड़ देश के नाम, एक पेड़ मां के नाम और कारगिल विजय दिवस पर फलदार, छायादार, फूलदार और औषधीय पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर पटेल समाज के जिला सचिव दिलीप पटेल ने कहा कि आज कोष्टापारा जालमपुर के युवाओं ने जो पौधरोपण का बीड़ा उठाया है, बहुत ही प्रशंसनीय है। हम सबको इस प्रकार के कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करना चाहिये साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को पौरोपण करना चाहिये जिससे हमारे आसपास का वातावरण संतुलित रहेगा। मौके पर मायाराम साहू, दिलीप साहू, राजेश लोधी, संजय देवांगन, रोहित देवांगन, विजय देवांगन, रमेश वर्मा, विष्णु सिन्हा, सुशीला हिरवानी, पूर्णिमा यादव, सीमा सिन्हा, पुष्पा यादव, प्रकाश सिन्हा पार्षद, नील पटेल पूर्व पार्षद, संजय डागौर पार्षद, राही नारायण यादव पार्षद, श्रीमती चंद्रकला पटेल पूर्व पार्षद, श्रीमती ज्योति वाल्मीकि पार्षद, टीकाराम देवांगन, प्रकाश देवांगन समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने किया सम्मान

**धमतरी**। कर्मचारी भवन धमतरी में छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया। अतिथि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, प्रांतीय सलाहकार बीपी शर्मा, प्रांतीय प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी, रमेश ठाकुर तथा आरके ठाकुर थे। मुकेश पाण्डेय को स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। प्रांतीय संयोजक ने चंद्रकुमार चंद्राकर को धमतरी जिले का नया जिला संयोजक तथा मुकेश पाण्डेय को जिला संरक्षक घोषित किया गया है। कार्यकम में दीपचंद भारती, ममता खालसा, हरीश देवांगन, एनआर टंडन, नवीन चंद्राकर, खुमान सिंह ठाकुर, अनमोल रत्न पाइक, दयालुराम साहू, संजय चंद्राकर, प्रदीप सिन्हा समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे।

### कर्मचारी संघ के मुकेश जिला संयोजक बने

**धमतरी**। कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सेवानिवृत मुकेश पांडे के जिला संयोजक बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। जिला अध्यक्ष चंदूलाल चंद्राकर ने बताया कि उनके नेतृत्व में जिले में संगठन के कामकाज में और निखार आयेगा।

सराफा दुकानों में ग्राहकों की बढ़ी भीड़

# सोने के दाम में आई गिरावट चांदी की चमक भी हुई फीकी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



केंद्रीय बजट पेश होने के बाद सोने चांदी के दाम में गिरावट आई है। रेट कम होने से ग्राहकी तेज हो गई है। लोग सोने-चांदी में इन्वेस्ट करना मुनासिब समझ रहे हैं।

किरण ज्वेलर्स के संचालक ललित जैन ने बताया कि गुरुवार को सोने का रेट 72200 रुपए था। बजट के पहले इसका दाम 76000 रुपए था। इसमें 3800 रुपए टूट दर्ज की गई है। इसी प्रकार चांदी बजट पेश होने के पहले 930 रुपए तोला थी जो अब घटकर 846 रुपए तोला हो गई है। चांदी में भी 84 रुपए की टूट दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल सोने चांदी के रेट नहीं बढ़ेंगे। दीपावली के बाद रेट बढ़ सकते हैं। शादी सीजन में कुछ और बढ़ोतरी हो सकती है। सोने-चांदी के रेट कम होते ही लोग इन्वेस्ट के रुप में सोने चांदी के बिस्किट या ज्वेलरी खरीद रहे हैं।

जानकारों के मुताबिक बजट के बाद सोने- चांदी की पट्टिका, डोरी के आयात शुल्क में कमी आई है जिसकी वजह से कीमती धातुओं का रेट कम हुआ है। इस धातु से बने सिक्के, बिस्किट के आयात शुल्क में कमी दर्ज की गई है। नई दर 24-25 जुलाई से पूरे देश में लागू हो गई है। रेट कम होने से सराफा बाजार में रौनक लौट आई है। पहले की तुलना में ग्राहकी बढ़ गई है। सराफा व्यवसायियों के लिए सावन माह त्यौहारी सीजन जैसा है। काफी दिनों बाद सोने चांदी के दाम में कमी आने से ग्राहक प्रसन्न हैं।

### निवेश के लिए अच्छा समय

सोने- चांदी के दाम कम होने से निवेश के इच्छुक ग्राहकों ने सोने-चांदी के सिक्के, बिस्किट, ज्वेलरी की जमकर खरीदारी की। ज्वेलरी खरीदने बाजार पहुंची अलका परिहार, जितेंद्र परिहार ने कहा कि वे ज्वेलरी के साथ-साथ सिक्का गोल्ड 24 कैरेट, चांदी की पट्टिका इन्वेस्ट के लिए खरीद रहे हैं। वे हर साल निवेश करते हैं। भाव आने पर विक्रय कर देते हैं।

# जयकारों के साथ जिले के 133 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना

■ जनप्रतिनिधियों ने फूलमाला पहनाकर और वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी






श्री रामलला दर्शन योजना के तहत राम भक्तों का जत्था लगातार अयोध्या धाम पहुंच रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को धमतरी जिले के 133 श्रद्धालु राम नाम के जयकारों के साथ अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। इन श्रद्धालुओं को अलग-अलग स्थानों से जनप्रतिनिधियों द्वारा फूलमाला पहनाकर और हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। धमतरी में रामू रोहरा, जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव, उमेश साहू और जनपद सदस्य जागेन्द्र साहू ने रवाना किया। वहीं कुरूद और मगरलोड से नरेश सिन्हा, भवानी यादव, नगरी से प्रकाश बैस और मोहन नाहटा ने तीर्थयात्रियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। तीर्थ यात्रा में जिले के 133 श्रद्धालु में से 100 ग्रामीण एवं 33 श्रद्धालु शहरी क्षेत्र से शामिल हैं।

गौरतलब है कि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान भोजन तथा अयोध्या में रूकने एवं अन्य सभी प्रकार से बेहतर व्यवस्था की गई है, ताकि सभी श्रद्धालुगण खुशी-खुशी दर्शन कर सके। वहीं भानपुरी के दानीराम, पीपरछेड़ी के ललित सिन्हा, रांवा के गैंदलाल साहू, छाती के सुरेश, श्रीमती सुनीता, समारू निर्मलकर, मन्नू निषाद, मोहन नेताम सहित सभी तीर्थ यात्रियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हर वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।

# प्रशिक्षणार्थियों ने सीखी स्काउटिंग की बारीकियां



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रशिक्षण केंद्र झांकी अभनपुर जिला रायपुर में सात दिवसीय राज्यस्तरीय रेंजर लीडर, गाइड कैप्टन एवं फ्लॉग लीडर एडवांस प्रशिक्षण का समापन हुआ। मास्टर ट्रेनर्स रेंजर संचालिका श्रीमती सरिता पाण्डे, सह संचालिका उत्तरा मानिकपुरी, गाइड संचालिका श्रीमती पुष्पा शाण्डिल्य, सह संचालिका योगिता साहू एवं श्रीमती लीना वर्मा के निर्देशानुसार एडवांस ट्रेनिंग दी गई। धमतरी विकासखण्ड से श्रीमती योगिता कंवर रेंजर लीडर, श्वेता गजेंद्र गाइड कैप्टन, विकासखण्ड कुरूद से दीपमाला साहू रेंजर लीडर, पूजा मढरिया गाइड कैप्टन के रूप में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर स्काउटिंग की बारीकियां सीखी। अंतिम दिवस प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

# रफी साहब के पुराने गीतों ने बांधा समां



■ श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय में रफी साहब की पुण्यतिथि पर हुई रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय में धमतरी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा 31 जुलाई को मोहम्मद रफी साहब की पुण्यतिथि पर एक शाम रफी साहब के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोहम्मद रफी की तस्वीर पर माल्यार्पण करने के बाद रफी के गाये हुए गीतों की सुनहरी यादें प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके गाये हुए गीत सुख के सब साथी एवं हे नाम रे सब से बड़ा तेरा नाम वो शेरावाली से हुई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे नवीन शर्मा ने रफी साहब की जीवनी एवं उनके द्वारा बॉलीवुड में पार्श्वगायन किये हुए गीतों पर प्रकाश डाला। अशोक देवांगन, शंकर देवांगन, अभिषेक सिन्हा, रविकांत सिन्हा, ऋषभ गंगवीर, वेदप्रकाश वर्मा, खिलेंद्र साहू, रवि गजेंद्र, नन्दिनी सेन, चंचल साहू, डॉ. किरण, भोजराज साहू, नन्दकिशोर साहू, लक्ष्मी देवांगन, अंजु गोस्वामी, ममता यादव, गिरीश साहू, प्रकाश देवांगन, वीरेंद्र साहू, मदनमोहन दास ने अपनी मधुर गायन से सभाहाल को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का म्यूजिक अरेंज रिजवान अली अंजुम की टीम ने किया। कार्यक्रम का संचालन नवीन शर्मा एवं श्रीमती चन्द्रिका साहू ने किया। इस अवसर पर नगर के कलाप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# वनमंडल धमतरी के सेवानिवृत्त कर्मचारी-अधिकारी को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वनमंडल परिवार धमतरी से 31 जुलाई को तीन सदस्य मुकेश पाण्डेय सहायक ग्रेड 02, वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय केरेगांव से पुरूषोत्तम पाण्डेय एससीएफओ व जेपी तिवारी सीएफओ सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह रखा गया। इस अवसर पर डीएफओ ने सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में संयुक्त वन मंडलाधिकारी धमतरी, बिरगुड़ी, संलग्नाधिकारी वनमंडल कार्यालय, उपवनमणडलाधिकारी नगरी एवं उपप्रबंध संचालक जिला यूनियन धमतरी, वन परिक्षेत्र अधिकारी केरेगांव, जिला लघु वनोपज संघ के कर्मचारी, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला प्रवक्ता खुमान सिंह ठाकुर , अमित महोबे जिला सचिव एवं महेंद्र कुमार साहू आईटी सेल प्रभारी उपस्थित थे। सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# शिविर में वेतन के लिए निगम के एआरआई ने दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगरीय निकाय अंतर्गत शहर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें तरह-तरह के आवेदन सामने आ रहे हैं। गुरूवार को विंध्यवासिनी वार्ड में निगम के ही एक कर्मचारी ने वेतन देने आवेदन लगाया। निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक छबिलाल प्रजापति ने आवेदन देकर कहा कि वे नगर निगम की राजस्व शाखा में पदस्थ हैं। उन्हें पिछले तीन माह का वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। उन्हें तीन माह का वेतन दिलाया जाए। शिविर में श्री प्रजापति का आवेदन स्वीकार कर लिया गया।

# दलदलयुक्त मार्गों पर रेंग रही वनवासियों की जिंदगी



बारिश में नारकीय जीवन जीने को विवश, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनमन योजना के बाद भी कमारों की जिंदगी नहीं बदली है। वनांचल में उनकी बस्तियों की स्थिति खराब है। अन्य वनवासियों को भी बारिश में नारकीय जीवन जीना पड़ रहा है। ऐसी ही स्थिति फरसगांव से बिरनासिल्ली पहुंच मार्ग की है। यह मार्ग पूरी तरह से दलदल में परिवर्तित हो गया है। कमार बस्ती और बालका नदी के पास तो स्थिति और भी खराब है। इसी रास्ते में छिंदा और डोडरन नाला भी पड़ता है जहां पर किसी प्रकार का रपटा या पुल नहीं बना है। ग्रामीणों को नाला पारकर ही मुख्यालय बेलरगांव पहुंचना पड़ता है। अनदेखी के चलते इस गांव का संपर्क तहसील मुख्यालय से कट गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच से इसकी कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### उमरगांव मुक्तिधाम दलदल में तब्दील

यही स्थिति उमरगांव मुक्तिधाम की है। बारिश से यह मुक्तिधाम कीचड़ से अटा हुआ है। कुछ दिन पहले मुक्तिधाम में रखी एक ट्रैक्टर ट्राली को निकालने के लिए ट्राली मालिक ट्रैक्टर लेकर पहुंचा था। दलदल के चलते ट्रैक्टर फंस गया। इसके बाद चार ट्रैक्टर को लाया गया। दलदल इतना है कि चारों ट्रैक्टर फंस गए। जेसीबी बुलाकर ट्रैक्टरों को निकालने की कोशिश की गई। जेसीबी भी दलदल में फंस गई। कड़ी मशक्कत के बाद सभी वाहनों को बाहर निकाला गया।

### किसानों को बताया प्राकृतिक खेती का महत्व

**कुकरेल(धमतरी)**। प्रयोग समाजसेवी संस्था तिल्दा जिला रायपुर के तत्वावधान में परियोजना समन्वयक भरतभूषण ठाकुर के दिशा निर्देश पर दो दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम बासीखाई तहसील नगरी में रखा गया।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)


डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

# महिला आटो में भूली सामान चालक ने लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



तेलीनसत्ती निवासी आशीष सेन की बहन 29 जुलाई को सफर के दौरान अपना सामान आटो में ही भूल गई, जिसे चालक ने सम्हालकर रखा था।

गुरूवार को एसोसिएशन की मौजूदगी में आटो चालक ने आशीष को उनका सामान लौटा दिया। आटो चालक की इमानदारी की सभी ने प्रशंसा की। आटो एसोसिएशन के अध्यक्ष साहिल अहमद ने कहा कि वे बैठकों के दौरान सभी साथियों से आग्रह करते हैं कि यात्रियों का भूला हुआ सामान सुरक्षित रखें और उन्हें आदर के साथ लौटाएं। इन बातों को सदस्य हमेशा फॉलो कर रहे हैं।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2024
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
9 अगस्त 2024, शुक्रवार
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग नासिक के आचार्य पंडित शिवा प्रसाद चतुर्वेदी के सानिध्य में विद्वान पंडितों के द्वारा काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठान विधि विधान पूर्वक संपन्न कराया जाएगा। पंजीयन 2101/- रूपए
संपर्क करें
99931-57703, 98278-32481
99812-87578, 99773-28973

# हरेली पर्व पर हटकेशर में होगा खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



हरेली पर्व के उपलक्ष्य पर हटकेशर वार्ड में खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों की बैठक हुई। कार्यों का विभाजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में वार्ड के बुजुर्ग नागर, रापा ,कुदाली की पूजा करेंगे। इसके बाद कबड्डी ,रस्साखींच , गेड़ी दौड़ , स्लो साइकिल रेस, फुगड़ी, कुर्सी दौड़ होगी। कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 6661 रूपए, द्वितीय 3331, गेड़ी दौड़ में प्रथम पुरस्कार 701 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 501, तृतीय पुरस्कार 301 रूपए, रस्साखींच महिला- पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 701, द्वितीय 501 पुरस्कार, तृतीय पुरस्कार 301 रूपए दिया जायेगा। स्लो सायकिल रेस में प्रथम पुरस्कार 701, द्वितीय पुरस्कार 301 रूपए, कुर्सी दौड़ में प्रथम 70 , द्वितीय पुरस्कार 301 रूपए दिया जायेगा। इस दौरान कक्षा 10 वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान प्रशस्ति -पत्र देकर किया जायेगा। इस दौरान भूषण साहू, विनोद पटेल, लक्ष्मीनारायण साहू, कैलाश यादव, मानिक साहू, खिलावन पटेल, देवेंद्र निर्मलकर, लोकेश नेताम, गुलशन पटेल, किशन निर्मलकर, सालिकराम साहू, गोलू ध्रुव, इंद्रजीत निर्मलकर, देवेंद्र साहू मौजूद थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से
10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024, 07 जून से 13 जून 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार Since-2007
Jai Mata Di Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
20 सितंबर 2024
10 नवंबर 2024
10 जनवरी 2025 मकर संक्राति
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)